तापमान

अधिकतम 45 .8 डिग्री
न्यूनतम 23 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 22 मई 2026


12 जनगणना में 'लापरवाही बर्दाश्त नहीं', लेकिन ..



12 अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा



## खबर संक्षेप



### थानेसर: जंगल में लगी आग पर पाया काबू

**थानेसर।** दबखेड़ी व बलाही के समीप जंगल में आग लग गई। आग लगने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फोरेस्ट अधिकारियों को दी। इसके बाद फोरेस्ट अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। फोरेस्ट कर्मचारियों व ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया। कर्मचारी जिले सिंह ने बताया कि आग थोड़ी ही लगी थी जिस पर काबू पा लिया गया है।

### केयू ने घोषित किए 13 परीक्षाओं के परिणाम

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा 13 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसंबर 2025 में आयोजित बीएससी (शारीरिक शिक्षा), बीए 5वां सेमेस्टर (एनईपी) (रिअपीयर), बीवोक (टीटीएम) 5वां सेमेस्टर ( रिअपीयर), बीवोक (टीटीएम) 6वां सेमेस्टर (रिअपीयर), बीएससी (जीवन विज्ञान) 5वां सेमेस्टर (रिअपीयर), बीए (ऑनर्स) प्रथम सेमेस्टर, भौतिकी प्रमुख विषय सहित बीएससी प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर), एमएससी (भूगोल) प्रथम सेमेस्टर (नवीन), एमएससी (भूगोल) प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर), बीकॉम ऑफिस मैनेजमेंट एवं सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस तृतीय सेमेस्टर, बीए./बीएससी. तृतीय सेमेस्टर (एनईपी) (रिअपीयर), एमएससी (रसायन विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए हैं।

### बस का इंतजार कर रहे युवक की जेब से रुपये चोरी

**यमुनानगर।** यमुनानगर बस स्टैंड पर गांव संखेड़ा निवासी जरनैल सिंह की जेब से 20 हजार रुपये चोरी हो गए। वह बस का इंतजार कर रहा था, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने वारदात को अंजाम दिया। पैसे गायब होने पर उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 97 लाख रुपये

**यमुनानगर।** यमुनानगर में विदेश भेजने के नाम पर 97 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। गांव पीरुवाला निवासी सुपिंदर सिंह की शिकायत पर पुलिस ने रजनी डांग और कमरियाब उर्फ टिंकू खान के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि नौकरी और विदेश भेजने का झांसा देकर 2016 से 2024 के बीच उनसे पैसे लिए गए, लेकिन विदेश नहीं भेजा गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### पानीपत में नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस ने नशा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बरसत रोड गंदा नाला पुलिया पर नशा तस्कर मोहम्मद इमरान पुत्र शान मोहम्मद निवासी नूरवाला, पानीपत को 504 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार विजय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 13/17 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया है। जबकि आरोपी को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि इसके साथियों को पकड़ा जा सके।

### कुरुक्षेत्र: भाखड़ा नहर से शव बरामद

कुरुक्षेत्र। भाखड़ा नहर में दबखेड़ी पुल के समीप एक शव पानी के उपर तैरता हुआ मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना गोतखोर प्रगट सिंह को दी। गोताखोर प्रगट सिंह ने ज्योतिसर पुलिस को मौके पर बुलाया और शव को नहर से बाहर निकाला। मृतक की पहचान बलकार सिंह जिला पटियाला, पंजाब के रुप में हुई है।

अंबाला में मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्य जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

# आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक बनेगा राष्ट्रभक्ति और बलिदान का प्रेरणास्थल

**नई पीढ़ी को देशभक्ति, त्याग और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा देगा शहीद स्मारक**

- पर्यटकों और शोधकर्ताओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा
- आधुनिक तकनीक, ऐतिहासिक तथ्यों और भव्य वास्तुकला का अद्भुत संगम होगा स्मारक
- 1857 की क्रांति पर आधारित देश का अपनी तरह का पहला स्मारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** शहीदी स्मारक अवलोकन करते सीएम नायब सैनी व मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंबाला छावनी में निर्माणाधीन आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक देशभक्ति, शौर्य और बलिदान का अद्भुत प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की गौरवगाथा को समर्पित यह स्मारक न केवल ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करेगा, बल्कि नई पीढ़ी विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणा का सशक्त केंद्र भी बनेगा। मुख्यमंत्री वीरवार को स्मारक के निर्माण कार्यों का अवलोकन करने पहुंचे थे।मुख्यमंत्री ने स्मारक परिसर का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, ऐतिहासिक प्रस्तुति और आधुनिक तकनीक के समावेश की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह स्मारक देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगा। 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है और इस स्मारक के माध्यम से युवाओं को देशभक्ति, त्याग और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा वीरों और बलिदानियों की भूमि रही है तथा प्रदेश सरकार स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रनायकों की स्मृतियों को संरक्षित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह स्मारक आधुनिक तकनीक, ऐतिहासिक तथ्यों और भव्य वास्तुकला का अद्भुत संगम होगा, जो देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और शोधकर्ताओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्मारक के प्रत्येक भाग में ऐतिहासिक तथ्यों की प्रमाणिकता और प्रस्तुति की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि यहां आने वाले लोगों को स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास का वास्तविक अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि यह स्मारक केवल एक भवन नहीं बल्कि राष्ट्रीय चेतना और देशभक्ति की भावना को जीवंत रखने वाला केंद्र होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृतकाल के अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए देशभर में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। यह शहीद स्मारक उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। उन्होंने इस परियोजना के लिए अनिल विज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके विशेष मार्गदर्शन और रुचि के कारण यह स्मारक भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप ले रहा है। ऊर्जा मंत्री अनिल ने मुख्यमंत्री को स्मारक से जुड़ी व्यवस्थाओं, तकनीकी प्रबंधों और निर्माण कार्यों की जानकारी दी। 1857 की क्रांति पर आधारित यह देश का अपनी तरह का पहला स्मारक है, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम की वीर गाथाओं, युद्धों और बलिदानों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। स्मारक में गुमनाम क्रांतिकारियों के संघर्ष को भी विशेष रूप से दर्शाया गया है।

*लाडवा के जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सुनीं 338 शिकायतें कई मामलों में मौके पर दी कार्रवाई के निर्देश*

# आमजन को चक्कर कटवाने वाले अफसर व कर्मी बख्शे नहीं जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



**लाडवा।** लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगवाने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सरकार का उद्देश्य प्रदेश के विकास के साथ हर नागरिक की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। मुख्यमंत्री वीरवार को लाडवा के शिवाला रामकुंडी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा और मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कुल 338 शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। गांव बकाली के एक शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ लोगों ने बिजली विभाग के एसडीओ से मिलकर उसके खेत के रास्ते में ट्रांसफार्मर और बिजली के खंभे लगवा दिए, जिससे रास्ता बाधित हो गया। शिकायतकर्ता ने जान से मारने की धमकियां मिलने की बात भी कही। इस पर मुख्यमंत्री ने एसडीएम लाडवा को मामले की जांच करने और दोषी एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस को धमकी देने वालों पर केस दर्ज करने के आदेश भी दिए। धनौरा जाटान निवासी जसबीर सिंह की शिकायत पर शिक्षा विभाग को स्कूल की फिजिबिलिटी जांचकर उसे अपग्रेड करने के निर्देश दिए गए। वहीं नरेश पाल की शिकायत पर मार्केटिंग बोर्ड को खिड़की विरान से रुड़की गांव तक का रास्ता बरसात से पहले तैयार करने को कहा गया। सीएम ने कहा कि 11.5 वर्षों में लाडवा में 807 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं।

### 74 अनाउंसमेंट में से 38 का काम हो चुका पूरा

नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाडवा क्षेत्र में पिछले साढ़े 11 वर्षों में 74 सीएम घोषणाएं की गईं, जिनमें से 38 पूरी हो चुकी हैं और बाकी पर काम जारी है। उन्होंने बताया कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र में 807 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए, जबकि कांग्रेस शासनकाल में 310 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में 26 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज लाइन भी बिछाई गई है।

# हाथी पुनर्वास केंद्र से लोहे की जाली व एंगल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव कोट बसावा सिंह स्थित बनसंतोर हाथी पुनर्वास के अंदर से चोरों ने लोहे की जाली व एंगल चोरी कर लिए। जिनकी कीमत करीब 70 हजार रुपये है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार वन्य जीव रक्षक हाथी पुनर्वास केंद्र बनसंतोर के इंचार्ज प्रदीप ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि चौधरी सुरेंद्र सिंह हाथी पुनर्वास केंद्र में हाथियों का पालन पोषण किया जाता है। हाथियों को रोकने के लिए जंगल में एंगल में लोहे की जाली लगाई हुई है। चोरों ने 17 मई की रात को पुनर्वास के अंदर से लोहे के 30 एंगल व 300 वर्ग फीट लोहे की जाली चोरी कर ली। जब वह पुनर्वास के अंदर पहुंचे तो उन्हें एंगल व जाली गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### स्टील की रेलिंग चोरी

राजेश कॉलोनी जगाधरी निवासी किशन कुमार ने बताया कि जगाधरी के मटका चौक पर राष्ट्रीय ध्वज के चारों तरफ स्टील की रेलिंग लगी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गुरुद्वारा से टोटियां चोरी

शहर के मॉडल टाउन निवासी अमरीक सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने 19 मई की रात को शहर के मॉडल टाउन स्थित जब्बी वाला गुरुद्वारा से टुंटियां चोरी कर ली। जिनकी कीमत करीब 30 हजार रुपये है।

### पानीपत में करीब दो तोले सोने की चेन झपट ली

**पानीपत।** पानीपत के गांव निजामपुर में 72 वर्षीय दुकानदार कलावती से दो अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े करीब दो तोले सोने की चेन झपट ली। दोनों आरोपी बिना नंबर प्लेट की बाइक पर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**यमुनानगर।** प्रताप नगर थाना क्षेत्र के गांव मेघुवाला के नजदीक बाइक की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बनियावाला निवासी यामीन ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि बुधवार को दोपहर 12 बजे उसका भतीजा आरिफ किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव मेघुवाला के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार से बाइक लेकर आ रहे कृष्ण लाल ने उसके भतीजे आरिफ को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। अस्पताल में इलाज के दौरान आरिफ की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक कृष्ण लाल के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

क्लर्कों के प्रमोशन और इंक्रीमेंट पर बड़ा फैसला

# अब प्रमोशन के बाद दोबारा नहीं मिलेगा इंक्रीमेंट का दोहरा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा वित्त विभाग ने सरकारी विभागों में कार्यरत क्लर्कों के प्रमोशन और इंक्रीमेंट को लेकर चल रहे असमंजस को दूर कर दिया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी क्लर्क को विशेष नियमों के तहत पहले ही अतिरिक्त इंक्रीमेंट का लाभ मिल चुका है, तो प्रमोशन के बाद उसे दोबारा इंक्रीमेंट का लाभ नहीं दिया जाएगा।वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों और मंडलायुक्तों को इस संबंध में स्पष्टीकरण पत्र जारी किया गया है।विभाग ने बताया कि 8 फरवरी 2024 को जारी संशोधित पे-स्ट्रक्चर के तहत एसइटीसी परीक्षा पास करने और प्रोबेशन पूरा करने पर 8 साल तक सेवा के लिए अतिरिक्त इंक्रीमेंट का प्रावधान किया गया था। साथ ही 27 साल की सेवा पूरी करने वाले क्लर्कों को भी एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट दिया गया था, बशर्ते उनका प्रमोशन न हुआ हो।इसके बाद विभागों में यह भ्रम पैदा हो गया था कि क्या ऐसे क्लर्कों को प्रमोशन के समय फिर से इंक्रीमेंट का लाभ मिलेगा या नहीं। इसी स्थिति को स्पष्ट करते हुए सरकार ने नियमों की व्याख्या की है।

### दो बड़े नियम

**केस नंबर 1** यदि किसी क्लर्क ने 27 साल की सेवा पूरी करने पर 8 फरवरी 2024 के नियमों के तहत अतिरिक्त इंक्रीमेंट का लाभ ले लिया है, तो प्रमोशन के बाद उसे दोबारा वर्टिकल सेल इंक्रीमेंट नहीं मिलेगा। उसे केवल प्रमोशनल पे-लेवल के अनुसार संबंधित सेल में रखा जाएगा।

**केस नंबर 2** यदि किसी कर्मचारी को फर्स्ट एसीपी मिलने के बाद 8 साल की नियमित संतोषजनक सेवा से पहले ही अगले ऊंचे पद पर प्रमोट कर दिया जाता है। वित्त विभाग ने साफ किया कि एचसीएस एसीपी रूल्स 2016 के रूल 7 के तहत 8 साल के भीतर दो वित्तीय अपग्रेडेशन नहीं दिए जा सकते। इसलिए प्रमोशन के समय कोई अतिरिक्त प्रमोशनल इंक्रीमेंट देय नहीं होगा। केवल प्रमोशनल पे-लेवल के बराबर वाले सेल में ही प्लेसमेंट मिलेगा।

**केस नंबर 3** प्रोबेशन पूरा करने और एसइटीसी परीक्षा पास करने पर मिलने वाले अगले वर्टिकल सेल इंक्रीमेंट को पे-फिक्सेशन के लिए स्वतंत्र माना जाएगा। वित्त विभाग के अकाउंट्स ऑफिसर पीआर के हस्ताक्षर से जारी इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह कदम नियमों में एकरूपता लाने और वित्तीय विसंगतियों को रोकने के लिए उठाया गया है ताकि एक ही सेवा अवधि के दौरान किसी भी कर्मचारी को दोहरे वित्तीय लाभ का अनुचित फायदा न मिले।

अन्य गतिविधियों के टिकट अभी केंद्र पर मिलेंगे

# अब कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में ऑनलाइन टिकट सुविधा शुरू, लंबी कतारों से मिलेगी राहत



- मोबाइल और कंप्यूटर से पहले ही बुक कर सकेंगे प्रवेश टिकट
- छुट्टियों और वीकेंड पर होती है भारी भीड़
- डिजिटल टिकटिंग से समय की बचत और व्यवस्था होगी अधिक सुचारु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में ऑनलाइन एंट्री टिकट बुकिंग सुविधा शुरू कर दी गई है। अब दर्शक विज्ञान केंद्र आने से पहले ही अपने मोबाइल फोन या कंप्यूटर के माध्यम से घर बैठे प्रवेश टिकट ऑनलाइन बुक कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था के लागू होने से आगंतुकों को टिकट काउंटर पर लंबी कतारों में खड़े होने से राहत मिलेगी। खासतौर पर छुट्टियों, सप्ताहांत और भीड़भाड़ वाले दिनों में यह सुविधा लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। ऑनलाइन टिकट बुक करने के बाद आगंतुक सीधे विज्ञान केंद्र पहुंचकर अपने भ्रमण का आनंद ले सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि टिकट लेने की प्रक्रिया भी पहले की तुलना में अधिक सरल और व्यवस्थित हो जाएगी। विज्ञान केंद्र प्रशासन का मानना है कि डिजिटल माध्यम से टिकटिंग व्यवस्था लागू होने से आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। केंद्र प्रमुख डॉ. सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि यह पहल दर्शकों को तेज, सरल और सुविधाजनक सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा शुरू होने से टिकट वितरण प्रक्रिया अधिक सुचारु बनेगी और आगंतुकों का अनुभव पहले से बेहतर होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल केवल प्रवेश टिकट की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा ही प्रारंभ की गई है। विज्ञान केंद्र में आयोजित अन्य विशेष गतिविधियों और सुविधाओं के टिकट पहले की तरह केंद्र परिसर में ही उपलब्ध रहेंगे। विज्ञान केंद्र प्रशासन ने विद्यार्थियों, पर्यटकों और विज्ञान प्रेमियों से इस नई सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है, ताकि उनका भ्रमण अनुभव सहज, सुविधाजनक और सुखद बन सके।

# ग्रामीणों की ओवरब्रिज को पिलर आधारित बनाने की मांग



**पानीपत।** पंचायत विकास मंत्री को ज्ञापन देते हुए नौल्था के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

पानीपत के गांव नौल्था में हाइवे पर प्रस्तावित ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर नौल्था की पंचायत व कमेटी वीरवार को प्रदेश के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से मिली। पंचायत व कमेटी सदस्यों ने केबिनेट मंत्री पंवार को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि नौल्था में हाइवे पर सरकार ने सन्नी फैक्ट्री से ले कर गोशाला तक ओवर ब्रिज प्रस्तावित है जिसका निर्माण होने जा रहा है। नौल्था के दुकानदार व ग्रामीण चाहते है कि जो भी ओवर ब्रिज बन रहा है वो पिलरों वाला होना चाहिए। पिलरों की वजह से ओवर ब्रिज के नीचे पार्किंग के साथ रेहड़ी व खोमचे वालों को स्थान मिल सकें। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पंचायत व कमेटी सदस्यों को भरोसा दिलाया कि वे निर्माण एजेंसी से बात करेंगे। चौबीसी प्रधान तेजबीर जागलान, नौल्था के सरपंच बलराज जागलान, नौल्था डूंगरान सरपंच प्रतिनिधि नीरज कौशिक, कमेटी प्रधान राजकुमार, समुंदर सिंह जागलान आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर किया रक्तदान

**करनाल।** हरियाणा युवा कांग्रेस की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर मंगलसेन सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। शिविर में कुल 76 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर का संयोजन युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सोमिल संधू ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी सत्यवान गहलोत, सह प्रभारी मीमांसा आर्य और मीडिया विभाग के प्रदेश वाइस चेयरमैन मुकेश चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। सोमिल संधू ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शमशेर गोगी, जिला कांग्रेस प्रधान पराग गाबा, युवा जिला प्रधान सुमित मढ़ान, अशोक, सूरज, जतिन बिंदल, आर्यन चौधरी, गुलाब चौहान, रघबीर संधु, राजिंद्र बल्ला, पंकज शर्मा, जसबीर जागलान सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि

**करनाल।** कांग्रेस सेवादल की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, शहरी जिला प्रधान अनिल शर्मा और प्रदेश महासचिव जसबीर पन्नु ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक दिशा देने का काम किया। सूचना एवं कंप्यूटर क्रांति की नींव रखकर उन्होंने भारत को नई पहचान दिलाई।उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का जीवन राष्ट्रहित, सरलता और सर्वधर्म सद्भाव की मिसाल रहा है। उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। कार्यक्रम में हरदीप कौर, मदन राणा, बलजीत चौहान, गुरमीत सिंह, ईशम सिंह चौहान, सुनीता रानी, पुरुषोत्तम चौरा, नरेश शर्मा, ललित बुटाना, राजेंद्र बल्ला, इंद्रजीत गोराया, रमेश सैनी, सुरजीत सैनी, सुनील शर्मा, अरूण पंजाबी और साहिल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शिक्षा मंत्री आवास पर मिड डे मील वर्कर्स की रैली 5 को

**करनाल।** मिड डे मील वर्कर यूनियन ने पांच जून को हरियाणा के शिक्षा मंत्री के आवास पर राज्य स्तरीय रैली करने की घोषणा की है। रैली की तैयारियों को लेकर नीलोखेड़ी क्षेत्र के विभिन्न गांवों और स्कूलों में बैठकें आयोजित की गईं। सीटू जिला सचिव सतपाल सैनी, ब्लॉक प्रधान अनीता, गीता और किरण ने बताया कि पंचकूला में हुई राज्य स्तरीय रैली के बाद भी सरकार द्वारा मानी गई मांगों को लागू नहीं किया गया, जिसके विरोध में अब बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मिड डे मील वर्करों को बेहद कम मानदेय दिया जा रहा है और कई-कई महीनों तक भुगतान नहीं होता। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकारी स्कूलों को बंद और मर्ज करने की नीति से हजारों कर्मचारियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि चिराग योजना के नाम पर सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

#### नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंजा लीलावती धाम

# सत्य और मानवता का संदेश देता है प्रभु श्रीकृष्ण का जीवनः कथाव्यास

**श्रीराम राइस ग्रुप ने किया कथा में पहुंचे गणमान्य लोगों का सम्मान, चारों तरफ भक्ति का माहौल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्रीराम राइस गुरप तरावड़ी की ओर से लीलावती धाम के भव्य शुभारंभ अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया तो पूरा कथा स्थल नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की और हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयघोषों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का स्वागत किया। रुक्मिणी विहार में आयोजित कथा के दौरान महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। भगवान श्रीकृष्ण के सुंदर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया।

कथा स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे उद्योगपतियों एवं गणमान्य लोगों ने सुप्रसिद्ध कथाव्यास परम पूज्य विवेक महाराज का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर श्रीराम राइस ग्रुप के निर्देशक लाला साधुराम सिंगला, रविंद्र सिंगला, प्रमोद सिंगला, विजय सिंगला, संजय सिंगला, राकेश सिंगला, महेश सिंगला व प्रमोद सिंगला ने अतिथियों का अभिनंदन किया। उद्योगपति लाला साधुराम सिंगला, रविंद्र सिंगला, प्रमोद सिंगला, विजय सिंगला, संजय सिंगला, राकेश सिंगला, महेश सिंगला, नरेश शर्मा, संजीवन शर्मा, अरविंद वर्मा, मोहन राणा, रामसिंह चौधरी, नरेश चौधरी, डा. राकेश शर्मा, नरेश बंसल, नारायण बंसल, साहिल सिंगला, रजत सिंगला, नीरज, दीपक, अभिषेक, भव्य, सुशील कुमार, पंडित आचार्य शुभम शास्त्री, सविता सिंगला, सुनीता, सीमा सिंगला, मीनू, गीतिका सिंगला, पलक सिंगला, सोनिया सिंगला, दीप्ति सिंगला, सुषमा, सुधा, पिंकी, शशि, रेखा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



तरावड़ी। श्रीराम राइस ग्रुप द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर भक्ति में लीन श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



तरावड़ी। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को भक्ति का पाठ पढ़ाते कथाव्यास।

### अधर्म का नाश करने को अवतार लेते हैं भगवान

कथाव्यास परम पूज्य विवेक महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें प्रेम, सत्य और मानवता का संदेश देता है। कथा के दौरान यशोदा ने माखन खिलाया, बड़ा नटखट है मेरा कान्हा तथा राधे-राधे बोल, श्याम आ जाएंगे जैसे भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति में झूमते नजर आए। महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मंगलगीत गाए और श्रद्धालुओं ने खड़े होकर तालियों के साथ भगवान का स्वागत किया। श्रीराम राइस ग्रुप की ओर से कथा में पहुंचे श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।



### 30 मई को गगसीना में होगा एकता संकल्प समारोह

**करनाल।** गगसीना गांव में 30 मई को एकता संकल्प समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस नेता भूपिंद्र लाठर भुप्पी ने नीलकंठ स्टार ढाबा पर आयोजित प्रेसवार्ता में दी। प्रेसवार्ता से पूर्व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नारे लगाए। भूपिंद्र लाठर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देशभर में सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभा रही है और राहुल गांधी के नेतृत्व में कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समारोह का आयोजन सर्वजीत संधु एवं गगसीना ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम 23 मई को शाम चार बजे शुरू होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण देश आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है और लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों को उजागर करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कंवरपाल पान्नु, गुरविंद्र राणा, पुष्पिंद्र राणा, कुलदीप गोस्वामी, कर्मबीर ढाकला, विनोद कैमला, नरिंद्र पान्नु, मोंटी शर्मा, राजपाल, संजीव गोस्वामी, सत्यवान, बिंदर मान, साहिब सिंह मर्दानखेड़ा, जितेंद्र नेहरा आदि रहे।

### दसवीं और बारहवीं के मेधावियों को किया सम्मानित



**इंद्री।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीबीपुर जाटान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी गुरनाम सिंह मढान, बीआरपी धर्मेंद्र तथा स्कूल प्रिंसिपल मीनाक्षी चौधरी ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि विद्यालय का दसवीं और बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। साथ ही 18 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर स्कूल और गांव का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सदस्य रीना, शकुंतला, शीला, सुनीता, आशा, प्रवीन, काजल शर्मा व मनदीप कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## वेद प्रचार मंडल की कार्यकारिणी का गठन

- प्रधान के रूप में महेंद्र पाल आर्य घरौंडा को जिम्मेदारी सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

आचार्य देवव्रत आर्य महामहिम गुजरात के निर्देशन एवं संरक्षण और धर्मवीर आर्य प्रधान आर्य प्रतिनिधि हरियाणा के नेतृत्व में वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार के लिए वेद प्रचार मंडल जिला करनाल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है।जिसमें प्रधान के रूप में महेंद्र पाल आर्य घरौंडा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके साथ मंत्री के पद पर भोपाल सिंह आर्य, उप मंत्री जोगिंदर आर्य, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र आर्य, मीडिया प्रभारी देव कुमार आर्य, किसान प्रभारी राजबीर आर्य, युवा प्रभारी संजय आर्य, सह मीडिया प्रभारी प्रमोद आर्य को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा संरक्षक मंडल वीरेंद्र आर्य पाढा, ओमपाल आर्य, मामचंद आर्य, वासुदेव आर्य, नरेंद्र आर्य, विजय आर्य, महिपाल राणा, विजेंद्र आर्य को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी को विस्तार देते हुए उप प्रधान असंध खंड के पद पर सुभाष आर्य, इंद्री से सुशील आर्य, नीलोखेड़ी से ललित आर्य, घरौंडा से जगदेव आर्य और करनाल डॉ. महेंद्र सिंह को नियुक्त किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। इन सभी के नियुक्त होने पर वेद प्रचार, समाज सेवा और आर्य समाज के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इन सभी की जिम्मेदारी से आर्य समाज के क्रियाकलाप को बढ़ावा मिलेगा और समाज के उत्थान में मदद मिलेगी। इस अवसर पर प्रचार मंडल के प्रदेश प्रभारी जयपाल आर्य और जसविंद्र भजनोपदेशक मौजूद रहे। बैठक जाट धर्मशाला करनाल मे सम्पन्न हुई।



इंद्री। वेद प्रचार मंडल की नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी और सदस्य।

### चंद्रबाबू नायडू के बयान की कड़ी आलोचना

**करनाल।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा अधिक बच्चों को जन्म देने पर आर्थिक प्रोत्साहन देने की घोषणा की कड़ी आलोचना की है। समिति की जिला प्रधान ममतेश और जिला सचिव जराशो शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के प्रस्ताव महिलाओं की स्वायत्तता और गरिमा के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध करवाना है, न कि उन्हें केवल जनसंख्या वृद्धि का माध्यम बनाना। उन्होंने कहा कि देश पहले ही बेरोजगारी, गरीबी और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में बड़े परिवारों को प्रोत्साहित करना समाज और महिलाओं दोनों के हित में नहीं है।

## प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी में अबेकस व ओलंपियाड विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल में पूर्व में आयोजित कक्षा एक से चार तक की अबेकस परीक्षा तथा कक्षा एक से दस तक की ओलंपियाड परीक्षा के विजेता विद्यार्थियों के सम्मान में विद्यालय परिसर में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया।परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को समारोह के दौरान प्रथम स्थान के लिए स्वर्ण पदक, द्वितीय स्थान के लिए रजत पदक एवं तृतीय स्थान के लिए कांस्य पदक तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मेडल पहनते ही बच्चों के चेहरे गर्व और खुशी से खिल उठे। अबेकस परीक्षा में कक्षा एक से चार के नन्हे विद्यार्थियों ने तीव्र गणना कौशल का परिचय दिया था, जबकि कक्षा एक से दस तक के छात्रों ने ओलंपियाड में अपनी तार्किक क्षमता व विषय ज्ञान से सभी को प्रभावित किया। स्कूल निर्देशिका पिथी चौधरी ने विजेताओं को बधाई दी और कहा, अबेकस सीखने से मानसिक एकाग्रता, कल्पना शक्ति और समस्या समाधान के कौशल विकसित होते हैं। यह मस्तिष्क के दोनों गोलार्धों का संतुलित विकास करता है। ओलंपियाड बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, तार्किक चिंतन और आत्मविश्वास जगाता है। प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने कहा, आज दिए गए ये पदक बच्चों की मेहनत, लगन और अनुशासन का प्रतीक हैं। अबेकस व ओलंपियाड जैसी विधाएं न केवल गणितीय कौशल बढ़ाती हैं, बल्कि तर्क शक्ति, एकाग्रता और स्मृति को भी मजबूत करती हैं।




तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते प्रताप स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि



इंद्री। इंद्री मे पनप रही अवैध कॉलोनी मे चलता पीला पंजा। फोटो : हरिभूमि

### जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने इंद्री की अवैध कॉलोनी मे चलाया पीला पंजा

**इंद्री।** जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से इंद्री में पनप रही एक अवैध कॉलोनी मे पीला पंजा चलाकर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। तोड़फोड़ की कार्यवाही के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल मौजूद रहा । जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने इस दौरान इंद्री करनाल रोड पर अवैध रूप से पनप रही अवैध कालोनी मे कच्ची सडको को ध्वस्त किया । जिला नगर योजनाकार विभाग के जेई रोहित ने बताया कि यह कार्यवाही जिला नगर योजनाकार अधिकारी गुंजन के आदेश पर की गई है । उन्होने बताया कि अवैध कॉलौनियों व अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही हैं । उन्होंने आम जन से अपील की कि वे शहर में बनी वैध कॉलोनियों में ही प्लाट खरीद कर अपना घर बनाएं। इस मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नपा सचिव धर्मवीर सहित पुलिस मौजूद रही ।

## भीषण गर्मी में आमजन की राहत के लिए बिजली बोर्ड में लगाया गया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बिजली बोर्ड तरावड़ी परिसर में सेठ पन्ना लाल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं शिव शक्ति इंटर ग्लोब प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी द्वारा शीतल जल सेवा के लिए वाटर कूलर लगाया गया। इस सेवा कार्य से क्षेत्र के लोगों, कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं को गर्मी में ठंडे पानी की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर शिव शक्ति इंटर ग्लोब प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी रमेश गुप्ता ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए एक वाटर कूलर भारत विकास परिषद को भेंट किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाजसेवा की प्रेरणादायक मिसाल बताया। कार्यक्रम के दौरान भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के अध्यक्ष विजय सिंगला ने कहा कि परिषद हमेशा सेवा, संस्कार और सहयोग की भावना के साथ समाजहित में कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों और कर्मचारियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। परिषद आगे भी इसी प्रकार जनसेवा के कार्य करती रहेगी। शिव शक्ति इंटर ग्लोब प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी रमेश गुप्ता ने कहा कि समाज के सहयोग से ही संस्थाएं मजबूत बनती हैं और जरूरतमंदों की सेवा करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।



तरावड़ी। बिजली बोर्ड में वाटर कूलर लगवाते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी।



इंद्री। राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ा में पौधारोपण करते तहसीलदार विनोद मेहरा । फोटो : हरिभूमि

### राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ा में तहसीलदार ने किया पौधारोपण

**इंद्री।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ा में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंद्री के तहसीलदार विनोद मेहरा ने पर्यावरण मित्र महिंद्र खेड़ा द्वारा उपलब्ध करवाया गया चंदन का पौधा रोपित किया। पौधा रोपण के दौरान तहसीलदार विनोद मेहरा ने उपस्थित लोगों और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित बनाए रखने के लिए हम सभी को बढ़-चढ़कर वृक्षारोपण करना चाहिए और सिर्फ पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उसकी देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुमन वर्मा, सतीश कांबोज, विनोद शर्मा, प्राथमिक स्कूल की इंचार्ज सुमन, अध्यापक सुनील कुमार व सतबीर सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर संस्थान की गतिविधियों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी/करनाल

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण से विधानसभा भवन स्थित उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने संस्थान की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण गतिविधियों तथा ग्रामीण विकास और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. चौहान ने बताया कि संस्थान पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र है। यहां ग्राम विकास योजनाएं, पंचायत सशक्तिकरण, डिजिटल प्रशासन, ग्राम स्वराज, महिला सहभागिता, स्वच्छता और सतत विकास जैसे विषयों पर नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बदलते ग्रामीण परिवेश और नई चुनौतियों को देखते हुए संस्थान आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों को अपनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों को तकनीक आधारित प्रशासन, ई-गवर्नेंस, ग्राम पंचायत विकास योजना तथा सामुदायिक सहभागिता जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि गांवों में विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. चौहान ने विधानसभा अध्यक्ष को संस्थान का दौरा करने का निमंत्रण भी दिया। इस पर हरविन्द्र कल्याण ने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत पंचायत व्यवस्था ग्रामीण भारत के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने जून अथवा जुलाई माह में संस्थान का दौरा करने की सहमति भी जताई।



विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण से भेंट करते डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान।

#### लंबित मकान सूचीकरण कार्य जल्द पूरा कर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश

## जनगणना कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डॉ. वैशाली

**जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य, सभी अधिकारी करें पूर्ण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ. वैशाली शर्मा ने नोडल जनगणना अधिकारी, जिला जनगणना अधिकारी तथा प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर जनगणना कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मकान सूचीकरण ब्लॉकों का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है, इसलिए किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे पर्यवेक्षकों और गणनाकारों के साथ नियमित समन्वय बनाकर कार्यों की मॉनिटरिंग करें और प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करवाएं। डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि जिन गणनाकारों द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, उनके खिलाफ नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी। वहीं बेहतर और सराहनीय कार्य करने वाले गणनाकारों को सम्मानित भी किया जाएगा।

बैठक में नोडल जनगणना अधिकारी विनोद नेहरा, जिला जनगणना अधिकारी अनीता, प्रभारी अधिकारी प्रवेश कौशिक, अनूप कुमार, रमनदीप और मनजीत राठी मौजूद रहे।



करनाल। जनगणना कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित करतीं डॉ. वैशाली शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने केस रद्द किया

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर-29 थाना क्षेत्र के अंतर्गत विकास नगर में सगे भाई और भाभी द्वारा प्लॉट पर अवैध कब्जा करने की नीयत से मारपीट, चोरी और पुलिस को गुमराह करने की साजिश का एक मामला सामने आया है। वहीं, पुलिस की जांच में शिकायत फर्जी मिली, पुलिस ने हरपाल सिंह निवासी विकास नगर, मूल निवासी गांव दीवाना जिला पानीपत द्वारा दर्ज करवाया केस जांच के बाद रद्द कर दिया।

### तीन आरोपी भगोड़े करार

**पानीपत।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमआईसी) डॉ. तरुण वर्मा की अदालत ने पानीपत में चेक बाउंस के अलग-अलग मामलों में लगातार कोर्ट से गायब रहने और कानून से भागने वाले आरोपियों अजीत धर्मपाल निवासी गांव भवर, जिला सोनीपत को, हिमांशु कौशिक निवासी हुडा सेक्टर-13, अर्बन एस्टेट, थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, नरेंद्र निवासी गांव बजाना कलां, जिला सोनीपत को भगोडा घोषित किया है। जज डॉ. वर्मा ने थाना सिटी पुलिस को भगोडों पर नया केस दर्ज कर इन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के आदेश दिए है।

### धोखाधड़ी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने जीटी रोड स्थित मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड गोल्ड लोन ब्रांच में गिरवी रखे सोने के गहनों को बदलकर धोखाधड़ी करने के आरोपी ब्रांच के पूर्व असिस्टेंट मैनेजर साहिल निवासी उत्तम नगर गोहाना सोनीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार विजय ने बताया कि उपरोक्त केस में थाना शहर में शिमला मौलाना गांव निवासी सुनील पुत्र केहर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### प्राकृतिक खेती करें किसान

**पानीपत।** किसान को मौजूदा खेती के तरीके में बदलाव करना चाहिए। आज हम अंधाधुंध उर्वरकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे फसल का लागत मूल्य तो बढ़ता ही है साथ आम जन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी होता है। अपने कुछ मुनाफे के लिए हम अनजाने में ही लोगों के स्वास्थ्य को खराब कर देते हैं। इसकी बजाये हम प्राकृतिक खेती पर जोर दें। ये शब्द भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता ने अनाज मंडी में कृषि विपणन बोर्ड के कार्यालय में किसानों को सम्बोधित करते हुए कहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बोर्ड के चेयरमैन अवतार शास्त्री ने की।

### जल की बचत करें किसान

**पानीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक खेती तकनीक से जोड़ने के लिए लेजर लेवलर योजना को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना के तहत किसान बेहद कम खर्च में अपने खेतों को समतल करवा सकते हैं, जिससे पानी की बचत के साथ-साथ फसल उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी। जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने किसानों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

### जनगणना में सहयोग दें

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला आयुक्त-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सेंसस एक्ट, 1948 के सेक्शन 7 के तहत भारत की जनगणना से जुड़े कार्यों को लेकर आदेश जारी किए हैं। जिसके तहत जनगणना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के तहत जनगणना से संबंधित कर्तव्यों के निर्वहन में लगे जनगणना कर्मियों को पूर्ण सहयोग और सहायता सुनिश्चित करना आवश्यक होगा।

### प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जनता समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की सोच के अनुरूप प्रशासन का उद्देश्य आमजन को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक ही मंच पर सुविधा उपलब्ध करवाना है ताकि लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## सफाई कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

# हड़ताली सफाई कर्मियों ने धरना दिया

### शुक्रवार को हरियाणा सरकार का पुतला दहन करने का ऐलान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। हड़ताली सफाई कर्मचारी धरना-प्रदर्शन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की राज्यव्यापी हड़ताल के चलते जिला सचिवालय पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर धरना दिया। आंदोलनकारियों ने डीडीपीओ से ब्लॉक वाइज रोक गए वेतन का भुगतान और गैर कानूनी ढंग से हटाए गए सफाई कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इधर, जिला प्रधान सुलतान सिंह और सचिव अशोक दुग्गल ने धरने और विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ रोष जताया। उन्होंने ऐलान किया कि शुक्रवार को हरियाणा सरकार का पुतला दहन किया जाएगा। इधर, सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त ने आंदोलनकारी सफाई कर्मियों को संबोधित किया। जबकि आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन की तरफ से पानीपत शहरी प्रधान प्रभादेवी ने सफाई कर्मियों का समर्थन किया। सीटू राज्य कमेटी की मांग है कि तुरंत ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि मंडल से बात करते हुए उनकी मांगों का समाधान किया जाए।



पानीपत। भारत की क्वानकीडो टीम यूरोप के लिए रवाना होते हुए। फोटो: हरिभूमि

# भारतीय क्वानकीडो टीम रोमानिया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

- यामिन अकैडमी के सदस्य भी टीम को शुभकामनाएं देने एयरपोर्ट पहुंचे

भारत की क्वानकीडो टीम यूरोप के देश रोमानिया के लिए आज रवाना हो गई। जिसमें समालखा की यामिन ताइक्वाडो अकैडमी के कोच सागर का चयन 55 किलोग्राम भार वर्ग में किया गया है। वहीं सागर को अर्तरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलने पर अकैडमी में खुशी का माहौल है। टीम को यूरोप रवाना करने के लिए जहां क्वानकीडो फेडरेशन इंडिया के पदाधिकारी इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पहुंचे। वहीं यामिन अकैडमी के सदस्य भी टीम को शुभकामनाएं देने एयरपोर्ट पहुंचे थे।

# योग करने से हर रोग होता है ठीक

- सुखदेव नगर पार्क में रोग अनुसार योग करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। सुखदेव पार्क में योग करते साधक। फोटो: हरिभूमि

पानीपत के सुखदेव नगर पार्क में पांच दिवसीय रोग अनुसार स्पेशल योग शिविर में योग शिक्षक बलवान कौशिक ने योग करवाया। योग अनुसार योग और सीनियर सिटीजन के हिसाब से अच्छा योग कराया। बलवान कौशिक ने खान पान के बारे में बताया और इंसान के जीवन में धर्म की शिक्षाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि योग करने से शरीर निरोगी रहता है, वहीं ऐसा कोई रोग नहीं है जो योग से ठीक ना होता हो। उन्होंने कहा कि नागरिकों को प्रति दिन योगाभ्यास करना चाहिए। योग शिक्षक व पतंजलि किसान सेवा समिति प्रभारी रामपाल शर्मा ने भी उनका साथ दिया। वहीं यह स्पेशल योग उनके आग्रह पर ही लगाया गया। वहीं, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से योगाचार्य रजनीश कुमार भी नागरिकों को योग की शिक्षा देंगे। जबकि योग साधकों ने वीरेंद्र सिंह के साथ योग टीचर बलवान कौशिक को सम्मानित किया।

# मानवता की सेवा का संदेश देती है गीता

- गीता परिवार के बाल संस्कार शिविर में बच्चों ने सनातन संस्कृति का ज्ञान लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा



समालखा। बाल संस्कार शिविर में अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करते हुए गीता परिवार।

उत्तरांचल गीता परिवार की प्रभारी मीनाक्षी गुप्ता की देखरेख में गीता परिवार द्वारा आयोजित बाल संस्कार शिविर के चार दिवसीय कार्यक्रमों का दो अलग-अलग विद्यालयों में उत्साहपूर्वक एवं सफलतापूर्वक समापन हुआ। इन शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं संस्कारित जीवन शैली का विकास करना रहा। पहले विद्यालय केएम पब्लिक में आयोजित शिविर का संचालन जिला प्रभारी गीता परिवार ममता वर्मा के नेतृत्व में किया गया,जबकि दूसरे विद्यालय एमएएसडी पब्लिक में हरियाणा सचिव गीता परिवार डॉ. राजेश भारद्वाज के निर्देशन में शिविर सम्पन्न हुआ। शिविरों में स्वामी गोविंद देव महाराज के द्वारा दिए गए पंच सूत्री कार्यक्रम एवं गीता परिवार के उद्देश्यों को विस्तार से बताया गया और उनको पूरा करने का संकल्प भी लिया गया। गीता मानवता की सेवा का संदेश देती है। इस अवसर पर गीता सेवी मीनू गोयल, सोनू रानी, डॉ. बलजीत सिंह, डॉ सुदेश रानी, सोनिया बंसल, प्रदीप व मुकेश देशवाल आदि गीता सेवी मौजूद रहे।

**संस्कारित जीवन के लिए शुभकामनाएं दी**

इधर, मीनाक्षी गुप्ता ने कहा कि गीता सेवी निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर रहे हैं और भविष्य में भी ऐसे ही करते रहेंगे। इन शिविरों में हरियाणा प्रभारी सुनीता खन्ना ने भी अपना भरपूर सहयोग दिया। अंत में सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य एवं संस्कारित जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# मानवता के लिए प्रकृति ही भगवान : आर्य

- आर्य बाल भारती स्कूल में विश्व वन दिवस पर पौधे रोपे, मानसून की वापसी तक पौधरोपण अभियान चलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल में रणदीप आर्य, अतिथियों के साथ पौधे रोपते हुए।

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में विश्व वन दिवस पर मुख्यातिथि के रूप में पूर्व मेयर व भाजपा नेत्री अवनीत कौर, स्कूल के प्रबंधक सुखबीर आर्य, समाजसेवी सरदार भूपेंद्र सिंह, कुनाल आर्य, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, आचार्य राजकुमार शर्मा, हर्षिता आर्य, अनूबाला, पंडित रामनिवास फौजी ने गायत्री मंत्र के साथ पौधे रोपे। जबकि पौधरोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रणदीप आर्य ने कहा कि आधुनिक समय में बदलती जीवनशैली के बीच प्रकृति से जुड़ाव बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। वहीं, प्राकृतिक साधन न केवल स्वास्थ्य को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करते हैं।

**आयुर्वेद का महत्व बताया**

हर्षिता आर्य ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा मानव को प्रकृति के निकट लाकर स्वास्थ्य को संतुलित और सुदृढ़ बनाने की पद्धति है। इसका उद्देश्य शरीर की स्व-चिकित्सा क्षमता को सक्रिय करना होता है। इस अवसर पर मानसून संपन होने तक लगातार पौधे रोपने व उनकी जवान होने तक देखभाल करने का संकल्प लिया गया। वहीं, आचार्य राजकुमार, योगाचार्य प्रवीन आर्य ने योग व आयुर्वेद के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

# स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा बड़ा मंच

- जिला सचिवालय में लगा सकेंगे स्टॉल, नाबार्ड गतिविधियों व उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने पर हुई वीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। एडीसी अंकित चौकसे स्वयं सहायता समूहों को लेकर वीसी करते हुए। फोटो: हरिभूमि

स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के समन्वय एवं उनके उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वीरवार को वीडियो कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यह बैठक हरियाणा के वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव सीजी राजिनी कांथन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नाबार्ड से संबंधित गतिविधियों, छोटे मेलों एवं प्रदर्शनियों के आयोजन तथा स्वयं सहायता समूहों को अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं, एडीसी अंकित चौकसे ने बताया कि जिले में कार्यरत स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जो भी स्वयं सहायता समूह के सदस्य जिला सचिवालय परिसर में अपने उत्पादों के स्टॉल लगाना चाहते हैं, वे इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक समूहों को निर्धारित प्रक्रिया पूरी करनी होगी तथा सबसे पहले प्रार्थना पत्र देना होगा। वहीं, जिला में वर्तमान में 2200 से अधिक स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनसे करीब 24 हजार से ज्यादा सदस्य जुड़े हुए हैं। वहीं, बैठक में अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की पहचान, प्रशिक्षण और बिक्री व्यवस्था को मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# वोटर लिस्ट पुनरीक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत जिला में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान जिलेभर में चलाया जा रहा है। जिला की चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 912 मतदान केंद्र हैं, जिनके लिए समान संख्या में 912 बूथ स्तर अधिकारी (बूथ लेवल ऑफिसर) तथा 112 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। इनमें 24-पानीपत ग्रामीण में 270, 25-पानीपत शहर में 211, 26-इसराना (अनुसूचित जाति) में 199 तथा 27-समालखा में 232 मतदान केंद्र शामिल हैं।

## राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** कांग्रेस ग्रामीण के कार्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष रमेश मलिक, दीपक खटकड़, नरेंद्र सूरा, सपटर अली, राम सिंह रोड़, यशपाल अहलावत, सुरेंद्र गौड़, जय भगवान राठी, बलवान वाल्मीकि, राजबीर नारा, हरपाल सिंह, मोनू रावल, धर्मबीर सिंह, अंकित सहरावत, विकास रोसा, राजेश कुमार, डीपी ग्रोवर, जगदीश स्याल, प्रमोद कश्यप, नारायण दत्त, राखी, रामपाल, सुरेश कुमार, सुरेंद्र अग्रवाल व सुभाष तंवर आदि उपस्थित रहे।

# आर्य कॉलेज में पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- विद्यार्थियों और समाज को पर्यावरण संरक्षण का एक बेहद व्यावहारिक संदेश दिया



पानीपत। आर्य कॉलेज में पौधे रोपते हुए रामनिवास कौशिक, डॉ अनुराधा सिंह आदि।

आर्य कॉलेज के पर्यावरण विभाग और भारतीय सेना के जांबाज पूर्व सैनिक व प्रख्यात पर्यावरणविद रामनिवास कौशिक के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज प्रांगण में बरगद और पीपल के पौधे रोपे गए। इस अनूठे पौधारोपण अभियान के जरिए विद्यार्थियों और समाज को पर्यावरण संरक्षण का एक बेहद व्यावहारिक संदेश दिया गया। कॉलेज की उपप्राचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने पूर्व सैनिक रामनिवास कौशिक का कॉलेज पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया और इस पुनीत कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया। वहीं, डॉ. अनुराधा सिंह ने बताया कि 66 वर्ष की उम्र में भी युवा जोश से लबरेज पूर्व सैनिक रामनिवास कौशिक ने जन-जन को जागरूक करने के लिए साइकिल यात्रा शुरू की है। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. गीतांजलि, डॉ. विजय सिंह, अंकुर मित्तल, पंकज चौधरी मुख्य लिपिक विनीत गर्ग सहित एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक भी मौजूद रहे।

# प्रभु की भक्ति से आत्मा शुद्ध होती है: गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

**भगवान पुरुषोत्तम की महिमा और उनके विभिन्न प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक व जीवंत वर्णन किया**

श्री सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाउन के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे पावन पुरुषोत्तम मास कथा महोत्सव के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने भगवान पुरुषोत्तम की महिमा और उनके विभिन्न प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक व जीवंत वर्णन किया। शास्त्री ने कहा कि पुरुषोत्तम मास मलमास में की गई भक्ति, दान और जप का फल अनंत गुना मिलता है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्री हरि अपने भक्तों के संकट दूर करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। वहीं श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने कहा कि पुरुषोत्तम मास केवल एक महीना नहीं, बल्कि ईश्वर द्वारा हमें अपनी आत्मा को शुद्ध करने और सत्संग से जुड़ने का दिया गया एक अमूल्य अवसर है। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमानों और मंदिर सभा के पदाधिकारियों द्वारा व्यासपीठ की आरती उतारी गई।

## बीएलओ बनाने का विरोध

**उपायुक्त को ज्ञापन भेजा**

पानीपत। आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार पानीपत सौरव शर्मा के माध्यम से उपायुक्त को ज्ञापन भेजा। वहीं, यूनियन की शहरी प्रधान प्रभादेवी ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन द्वारा आंगनबाड़ी वर्कर्स की ड्यूटी बीएलओ लगाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि पूरे हरियाणा में यूनियन के विरोध के बावजूद ऐसा किया गया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी वर्कर्स स्वयं सेविका हैं सरकारी कर्मचारी नहीं है। इसलिए आंगनवाड़ी वर्कर्स को बंधुआ बनाना बंद किया जाए। यूनियन उसका डटकर मुकाबला करेगी।

**पत्रकार वार्ता**

## कांग्रेस के सशक्त नेता के रूप में उभरे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह

# सद्भाव यात्रा में पहुंचने का अनुरोध किया

- कांग्रेस की सद्भाव यात्रा का समापन 23 को सांपला में

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। कांग्रेस के पूर्व विधायक शमशेर गोगी, चौधरी जगदेव मलिक प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा के सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में सद्भाव यात्रा निकालकर पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह एक मजबूत नेता के रूप में उभर कर आए हैं। जिससे कांग्रेस को मजबूती मिली है। यह शब्द पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने हुडा सेक्टर 25 स्थित कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी जगदेव मलिक के कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहे। पत्रकार वार्ता में जगदेव मलिक, कांग्रेस के नेता रघुवीर संधू व सुरेंद्र खर्ब आदि भी उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए। वहीं, शमशेर गोगी ने बताया कि पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने नरवाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की सद्भाव यात्रा का शुभारंभ किया था, सद्भावना यात्रा प्रदेश की 89 विधानसभा में आयोजित हुई7 वहीं, 23 मई को सद्भावना यात्रा का समापन रोहतक जिला के सांपला में होगा। इस यात्रा को सभी विधानसभा क्षेत्र में पूरा समर्थन मिला है और बृजेंद्र सिंह एकमात्र ऐसे नेता है जो साढे सात माह से यह यात्रा निकाल रहे हैं और 230 दिन तक यात्रा हरियाणा के सभी हलकों से होते हुए 23 मई को रोहतक पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने गुडग़ांव में सद्भाव यात्रा में पहुंचकर यह साबित कर दिया कि यह यात्रा आईसीसी एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की यात्रा है। गोगी ने उन सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं से अनुरोध किया है कि जो कांग्रेस के पंजे में विश्वास रखते हैं वह सभी 23 मई को रोहतक के राजीव चौक दिल्ली मोड पर पहुंचे। जहां से रोहतक विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस सद्भाव यात्रा का शुभारंभ करके भिवानी स्टैंड पर समापन किया जाएगा।

**डीजल, पेट्रोल के दाम बढ़ाने की निंदा की**

इस दौरान हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रधान राव नरेंद्र सिंह कांग्रेस के पूर्व प्रधान एवं अन्य नेताओं को सम्मानित करेंगे। वहीं, सद्भावना यात्रा से बृजेंद्र सिंह कांग्रेस के सशक्त नेता के रूप में उभरे है। उन्होंने भाजपा की सरकार पर आए दिन डीजल, पेट्रोल व सीएनजी के दाम बढ़ाने की निंदा करते हुए कहा कि यह लोगों की जेब पर ढाका है। जब सरकार को कच्चा तेल सस्ता मिल रहा था तब कभी बीजेपी ने पेट्रोल डीजल के दाम नहीं घटाए अब लगातार बढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है।

## युवाओं से दाखिला लेने की व करियर बनाने की अपील की

**कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में 400 सीटें**

**पानीपत।** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने युवाओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में दाखिला लेने की और करियर बनाने की अपील की है। जबकि प्राचार्य डॉ. सुभाषचंद्र जागलान ने बताया कि कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में 400 सीटें, बीकॉम में 160 सीटें, बीबीए में 40 तथा बीसीए में 40 सीटें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त बीएससी नॉन मेडिकल में 80, मेडिकल में 40 तथा रसायन विज्ञान (मुख्य) में 40 सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के लालच देकर 58 लाख का चूना

**अंबाला।** ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने सिटी की सेक्टर-1 के रहने वाली 70 वर्षीय नीलम गुप्ता से करीब 57.77 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामले में साइबर थाना में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि 13 जनवरी को उन्होंने अपने पति की फेसबुक आईडी पर निवेश से जुड़ा एक विज्ञापन देखा, जिसमें 22 हजार रुपए लगाकर लाखों रुपए कमाने का दावा किया गया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद 21 जनवरी को उन्हें कॉल आई, जिसमें आरोपी ने खुद को कार्तिक मेहता बताते हुए लंदन की प्रोक्सट्रेंड ट्रेडिंग कंपनी का मैनेजर बताया। आरोपी ने महिला से अलग-अलग यूपीआई, बैंक खातों व क्यूआर कोड के जरिए रकम ट्रांसफर करवाता रहा। जनवरी से अप्रैल 2026 के बीच पीड़िता ने कुल 57,77,159 लाख भेज दिए।

### जनगणना का 30 तक पूरा करें काम

**शहजादपुर।** चार्ज ऑफिसर कम नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने जनगणना सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को निर्देश देते हुए कहा कि मकान सूचीकरण एवं जनगणना का कार्य 30 मई 2026 तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय महत्व का दायित्व है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपने कार्य का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि तकनीकी सहायक सोनम पोर्टल पर आने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए तैनात की गई है, ताकि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

### लोगों ने रखीं विभिन्न समस्याएं

**शहजादपुर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**बराड़ा।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न के राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर राजीव चौक साहा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक पूजा ने कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### समाधान शिविर शानदार पहल

**अंबाला।** एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की जनहितकारी पहल है। इसके माध्यम से आम नागरिक अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# जनगणना में 'लापरवाही बर्दाश्त नहीं', लेकिन गलत आंकड़ों का जिम्मेदार कौन?



बराड़ा। बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

तहसीलदार अंकित बैनीवाल ने जनगणना कार्य को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को प्रत्येक भवन, परिवार और आवासीय स्थल की सही जानकारी एकत्रित कर तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ बैठकों और चेतावनियों से जनगणना सही हो जाएगी? क्योंकि जमीनी हकीकत यह है कि कई बार सरकारी आंकड़े फाइलों में तो पूरे दिख जाते हैं, लेकिन असल तस्वीर कुछ और ही होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवार आज भी सरकारी रिकॉर्ड में गायब हैं, तो कहीं मृत लोगों के नाम तक रिकॉर्ड में चलते रहते हैं। कई जगहों पर मकान और परिवारों की गलत एंट्री बाद में योजनाओं और सुविधाओं में बड़ी गड़बड़ियों की वजह बनती है। लेकिन जब गलती सामने आती है तो जिम्मेदारी तय करने की बजाय मामला फाइलों में दबा दिया जाता है।

### जनगणना की जमीनी हकीकत: आंकड़ों की सच्चाई या फिर कागजी खेल?

स्थानीय लोगों का कहना है कि जनगणना केवल आंकड़े भरने का काम नहीं, बल्कि सरकार की योजनाओं की नींव होती है। अगर आंकड़े ही गलत होंगे तो विकास योजनाएं भी कागजों में ही दौड़ती रहेंगी। अधिकारियों ने "टीम वर्क" और "समन्वय" की बात जरूर की, लेकिन कर्मचारियों की कमी, लगातार बढ़ते गैर-शैक्षणिक कार्य और दबाव के बीच जमीनी स्तर पर सही आंकड़े जुटाना भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। लोगों का कहना है कि हर बार कर्मचारियों को लापरवाही की चेतावनी दे दी जाती है, लेकिन सिस्टम की कमियों पर कोई बात नहीं होती। आखिर जब एक कर्मचारी पर कई विभागीय जिम्मेदारियां डाल दी जाती हैं तो त्रुटियां होना तय माना जाता है। अब देखना यह होगा कि इस बार जनगणना वास्तव में जमीन की सच्चाई दिखाएगी या फिर पहले की तरह आंकड़ों का खेल बनकर रह जाएगी, जहां फाइलों में सब "सही" और जनता की नजर में बहुत कुछ अधूरा दिखाई देता है।

## एक एकड़ में विकसित की जा रही थी कॉलोनी

# अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

*लोगों का कहना है कि पहले प्लॉट बिकते हैं, निर्माण शुरू हो जाता है और बाद में प्रशासन कार्रवाई करता है।*

*जिला नगर योजनाकार विभाग ने लगभग 1 एकड़ में विकसित की जा रही कथित अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए सड़कें और डीपीसी ध्वस्त की, विभाग ने लोगों से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें और प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में न आएं।*


बराड़ा। कालोनी को ध्वस्त करता बुलडोजर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा क्षेत्र में लगभग 1 एकड़ में विकसित की जा रही कथित अवैध कॉलोनी पर पीला पंजा चलाकर सड़कें और डीपीसी ध्वस्त कर दी गईं। विभाग ने कार्रवाई के बाद लोगों से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें और प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में न आएं। लेकिन हर कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल वहीं खड़ा रह जाता है कि आखिर आम आदमी को यह बताएगा कौन कि कौन-सी कॉलोनी वैध है और कौन-सी अवैध? शहरों और कस्बों में सालों से यही खेल चल रहा है।

पहले खेतों में प्लॉट काटे जाते हैं, बिजली-पानी के कनेक्शन तक पहुंच जाते हैं, रजिस्ट्री और बयाने होते हैं, लोग अपनी जिंदगी भर की कमाई लगाकर मकान बनाना शुरू कर देते हैं। फिर अचानक एक दिन प्रशासन पहुंचता है और बुलडोजर चलाकर कॉलोनी को "अवैध" घोषित कर देता है। हैरानी की बात यह है कि जिन कॉलोनियों पर कभी पीला पंजा चलता है, वही कुछ समय बाद किसी न किसी तरीके से "वैध" होती नजर आने लगती हैं।

**बुलडोजर नहीं, अवैध कॉलोनियों पर पारदर्शिता भी जरूरी**

ऐसे में जनता के मन में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर अवैध कौन है प्लॉट खरीदने वाला आम आदमी या सिस्टम की खामोशी? लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में जनता को बचाना चाहता है तो केवल तोड़फोड़ की कार्रवाई करने से काम नहीं चलेगा। प्रशासन को सार्वजनिक रूप से सूची जारी करनी चाहिए कि क्षेत्र में कौन-कौन सी कॉलोनियां वैध हैं, किनके लाइसेंस हैं और किनसे लोगों को दूरी बनानी चाहिए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्रवाई हमेशा तब होती है जब करोड़ों रुपये के प्लॉट बिक चुके होते हैं। तब तक न तो विभाग कोई चेतावनी बोर्ड लगाता है और न ही समय रहते निर्माण रुकवाता है। नुकसान केवल उस मध्यमवर्गीय परिवार का होता है जिसने अपनी जमा-पूंजी लगाकर सिर छुपाने का सपना देखा होता है। अब मुलाना में हुई कार्रवाई के बाद फिर यही चर्चा है कि आखिर जनता कब तक प्रॉपर्टी डीलरों और सिस्टम के बीच पिसती रहेगी, और कब प्रशासन सिर्फ बुलडोजर नहीं बल्कि पारदर्शिता भी दिखाएगा।

# जून के पहले सप्ताह में आईटीआई में होंगे दाखिले, शेड्यूल किया जारी

- आठ सरकारी व तीन निजी आईटीआई में दाखिले की पूरी तैयारी
- पोर्टल जून माह के प्रथम सप्ताह में शुरू किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य दिनेश राणा ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पोर्टल जून माह के प्रथम सप्ताह में शुरू किया जाएगा।

कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं पास विद्यार्थी नए शैक्षणिक सत्र के लिए सरकारी एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

### आठ सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

जिले में गर्वनमेंट आईटीआई अंबाला शहर, आईटीटाई वुमैन अंबाला शहर, मूलचंद गर्वनमेंट आईटीआई अंबाला छावनी, गर्वनमेंट आईटीआई हसनपुर, , गर्वनमेंट आईटीआई बराड़ा एट होली, मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर गर्वनमेंट आईटीआई नोहनी, गर्वनमेंट आईटीआई भारांपुर, गर्वनमेंट आईटीआई वुमैन नारायणगढ़ तथा तीन निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हैं। सभी संस्थानों में विभिन्न रोजगारपरक ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अंबाला शहर में मारूति सुजुकी लिमिटेड द्वारा स्थापित आधुनिक मारुति लैब सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। इस लैब में प्रशिक्षुओं को उद्योगों में उपयोग होने वाली आधुनिक तकनीकों एवं मशीनों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे विद्यार्थी आधुनिक औद्योगिक कौशल सीखकर रोजगार के लिए तैयार हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त संस्थान में प्रत्येक माह रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेती हैं। इन रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग शत-प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आईटीआई में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पासपोर्ट साइज फोटो, चरित्र प्रमाण पत्र,गैप ईयर प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेज तैयार रखने की सलाह दी गई है। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की जाती है कि वे आईटीआई के माध्यम से उपलब्ध कौशल विकास एवं रोजगार अवसरों का लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# हनुमान मंदिर में मांगलिक कार्यक्रम 30 से

**अंबाला।** मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर जीटी रोड मोहड़ा का वार्षिकोत्सव 30 मई से 3 जून तक बड़ी धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इसउपलक्ष्य में पांच दिवसीय भव्य मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न किए जाएंगे। कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर के मठाधीश स्वामी पूर्णानंद गिरि महाराज एवं मंदिर की सेवा कर रहे महंत शंकरानंद गिरि के अनुसार 30 मई शनिवार को प्रातः 9 बजे श्री रामचरितमानस पाठ प्रारंभ एवं रुद्राभिषेक किया जाएगा। इसके अगले दिन 31 मई, रविवार को भी प्रातः 9 बजे श्री रामचरितमानस पाठ एवं रुद्राभिषेक का आयोजन होगा। सोमवार 1 जून को श्री रामचरितमानस का समापन, रुद्राभिषेक तथा सायं चंडी पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। 2 जून, मंगलवार को चंडी पाठ का समापन एवं रुद्राभिषेक सायं 4 बजे आयोजित होगा, जबकि रात्रि 8 बजे भव्य हवन संपन्न कराया जाएगा। मनमोहन गिरि के अनुसार कार्यक्रम के अंतिम दिन 3 जून बुधवार को प्रातः 9 बजे हनुमान का विशेष अभिषेक किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे से प्रभु इच्छा तक विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही हैं। आंजनेय चेरिटेबल ट्रस्ट का भी इस कार्यक्रम के दौरान विशेष सहयोग रहेगा।

# रंजिश को लेकर पंचायती जमीन पर चलाए ट्रैक्टर, एक हजार से पेड़ रौंदे

- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की, कई आरोपियों की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

सरदहेड़ी गांव में पंचायती जमीन पर पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए गए सफेदे के करीब एक हजार पेड़ों को दबंगों ने ट्रैक्टरों से जोतकर नष्ट कर दिया। पुलिस ने सरपंच व पंचों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में ग्राम पंचायत सरदहेड़ी की सरपंच तरनजीत कौर, पंच रजनी सैनी, सुमन रानी और पूजा ने बताया कि पंचायत द्वारा करीब 3 एकड़ पंचायती भूमि पर सफेदे के पौधे लगवाए गए थे।

### ये है मामला

आरोप है कि रंजिश और दुर्भावना के चलते गांव के ही विजय कुमार, राजू, सतीश कुमार, बालक राम और सतपाल सिंह ने मिलकर पहले तो करीब 500 पेड़ों को जड़ से उखाड़ फेंका, इसके बाद भी जब उनका मन नहीं भरा, तो आरोपियों ने अपने दो ट्रैक्टरों से करीब 6 कनाल भूमि को जोत दिया, इससे वहां लगे बाकी 500 पेड़ भी पूरी तरह नष्ट हो गए। इस मामले में पंचायत ने पुलिस से आरोपियों के ट्रैक्टरों को तुरंत जब्त करने और पंचायत को हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। मामले में मुख्य सिपाही सुरेश कुमार और सिपाही सचिन कुमार ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का मुआयना किया और खेतों में रौंदे गए पौधों के साक्ष्य जुटाए। मामले की स्पेशल रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें कार्रवाई कर रही हैं।

# मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर वीरवार को भी खंड विकास एंव पंचायत कार्यालय प्रांगण में हड़ताल जारी रखी। कर्मचारियों का कहना था कि अगर सरकार हमारी मांगें पूरी नही करती तो संघर्ष को ओर तेज करने से भी गुरेज नही करेंगे। सफाई कर्मचारी नेताओं ने कहा कि शहरी और ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांग है कि पॉलिसी बनाकर सफाई कर्मचारियों को सरकार पक्का करे, 31 दिसंबर 2025 के उच्च न्यायालय के आदेश को लागू किया जाए, 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की भर्ती , मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26000 और 27000 रूपये वेतन लागू करने, एक्सग्रेसिया नीति बनाने तथा कर्मचारी की मृत्यु होने पर 50 लाख मुआवजा देने की मांग आदि को लेकर सफाई कर्मचारी लगातार आंदोलन करते आ रहे हैं लेकिन सरकार सफाई कर्मियों की आवाज को अनसुना कर रही है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि ये सरकार कितना दलित हितैषी है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता कि मार्च 2024 के बजट सत्र में निवर्तमान मुख्यमंत्री ने 1000 की आबादी पर एक ग्रामीण सफाई कर्मचारी की भर्ती करने की घोषणा की थी, जिसको आज तक लागू नहीं किया और 9700 पद ग्रामीण सफाई कर्मियों के खाली पड़े हैं।


शहजादपुर। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी।

### मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन होगा तेज

24 नवंबर 2024 को मुख्यमंत्री ने 26000 हजार वेतन की घोषणा की, उसके बाद 11 जून 2025 को 2100 रुपए बढौतरी की घोषणा की जो आज तक लागू नहीं किया गया। न ही 8 दिसंबर की वार्ता के मुताबिक पक्का करने की पॉलिसी बनाने का वायदा भी आज तक पूरा नहीं किया। संगठन के नेता ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद पिछले 12 साल में एक भी सफाई कर्मचारी और सिवरमैन की स्थाई भर्ती नहीं की और न ही एक भी कच्चे सफाई कर्मचारी को पक्का किया । सरकार को चेतावनी देते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने कहा कि सरकार ने समय रहते मांगों का समाधान नहीं किया तो ग्रामीण सफाई कर्मचारी प्रदेश भर में आंदोलन को तेज करेंगें।

# हादसे में युवक की जान गई पुलिस ने दर्ज किया केस

**अंबाला।** नेशनल हाईवे-44 पर शाहपुर पुल के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। कुरुक्षेत्र के शाहबाद वासी सुखदेव सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा बेटा विक्रम पाल जो कि ट्रक ड्राइवर का काम करता था, शाम को किसी काम से अंबाला कैंट आया था। जब वह शाहपुर पुल के पास एल-1 के सामने पहुंचा, तो एक लापरवाह वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। राहगीर उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने मोर्चरी में शव की शिनाख्त कराई। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाटसअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## जनता पूछ रही : समाधान शिविर के दिन ही क्यों होती समस्या हल, बाकी दिनों में क्यों नहीं

# समाधान शिविर सिस्टम की नाकामी छुपाने का नया तरीका तो नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने समाधान शिविर में अधिकारियों को जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। लापरवाही न बरतने की चेतावनी भी दी। शिविर में परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली-पानी और पेंशन जैसी समस्याओं के समाधान के दावे किए गए। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर सरकारी सिस्टम सही तरीके से काम कर रहा है तो फिर जनता को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए "समाधान शिविर" में लाइनें लगाने की नौबत ही क्यों आ रही है?




### चक्कर काटने को मजबूर है जनता

हकीकत तो यह है कि आम आदमी महीनों सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटता रहता है। कोई पीपीपी आईडी ठीक करवाने के लिए परेशान है, कोई राशन कार्ड के लिए धक्के खा रहा है, तो किसी की पेंशन फाइल टेबलों में दबकर रह जाती है। दफ्तरों में सुनवाई नहीं होती, लेकिन जैसे ही "समाधान शिविर" लगता है, वही काम घंटों में होने लगते हैं। जनता पूछ रही है कि आखिर ऐसा कौन-सा जादू शिविर वाले दिन होता है जो बाकी दिनों में गायब रहता है? क्या आम दिनों में अधिकारी जनता की समस्याओं को जानबूझकर टालते हैं और फिर शिविर लगाकर अपनी पीठ थपथपाते हैं? सबसे बड़ा सच यह है कि आज सरकारी योजनाओं से ज्यादा लोग सरकारी कागजों से परेशान हैं। परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड जैसी योजनाएं सुविधा कम और सिरदर्द ज्यादा बन चुकी हैं। छोटे-छोटे सुधारों के लिए लोगों को कई-कई बार कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर सरकार सच में जनता को राहत देना चाहती है तो "शिविर" लगाने से पहले सरकारी दफ्तरों की कार्यप्रणाली सुधारनी होगी। क्योंकि जनता को समस्या का स्थायी समाधान चाहिए, न कि महीने में दो दिन दिखावटी सुनवाई। अब सवाल यही है कि क्या समाधान शिविर वास्तव में जनता की मदद के लिए हैं, या फिर उस सिस्टम की नाकामी छुपाने के लिए, जो सामान्य दिनों में आम आदमी की सुनने को तैयार ही नहीं होता?